# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

21 जनवरी 2026
बुधवार




जिलाधिकारी सहिला की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

2



## एक नजर

### 77वें गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी बनेंगे 10,000 मेहमान

**नई दिल्ली ।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड को देखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। आमंत्रित अतिथियों में आय और रोजगार सृजन में अनुकरणीय कार्य करने वाले, सर्वश्रेष्ठ नवप्रवर्तक, शोधकर्ता और स्टार्टअप, स्वयं सहायता समूह और प्रमुख सरकारी पहलों के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले लोग शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सम्मानित करने और राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों में जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें आमंत्रित किया गया है। इन विशेष अतिथियों को कर्तव्य पथ पर प्रमुख स्थान पर बैठाया जाएगा। समारोहों के अतिरिक्त, विशेष अतिथियों के लिए राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, प्रधानमंत्री संग्रहालय और दिल्ली के अन्य प्रमुख स्थानों के भ्रमण की व्यवस्था की गई है। उन्हें संबंधित मंत्रियों से बातचीत करने का अवसर भी मिलेगा।

### तीन राज्यों में ईडी का छापा, 21 ठिकानों में शुरू हुई तलाशी

**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को सबरीमाला मंदिर से सोना चोरी के मामले में धन शोधन की जांच के तहत तीन राज्यों में तलाशी अभियान शुरू किया। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों के अनुसार है। उन्होंने आगे बताया कि केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में लगभग 21 स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत छापेमारी की जा रही है। बंगलूरू में मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी और त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ए पद्मकुमार से जुड़े परिसरों को संघीय जांच एजेंसी द्वारा कार्रवाई के तहत शामिल किए जाने की आशंका है। ईडी ने हाल ही में केरल पुलिस की एफआईआर का संज्ञान लेते हुए पीएमएलए के तहत एक मामला दर्ज किया था। राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस मामले की जांच केरल उच्च न्यायालय की देखरेख में राज्य की विशेष जांच टीम द्वारा पहले से ही की जा रही है।

# पहाड़ों पर बर्फबारी के बीच मैदानों में चढ़ा पारा, अगले सात दिन बारिश के आसार

- पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाकों में अत्यधिक घना कोहरा रहा, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री दर्ज
- कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी की चेतावनी जारी



**एजेंसी। कश्मीर**

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और बर्फबारी के बीच मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि हुई है। मौसम के इस बदले रुख से लोगों को कड़ाके की सर्दी और शीतलहर से कुछ राहत मिली है। कुछ स्थानों पर कोहरा भी कम हुआ है। हालांकि, यह राहत तात्कालिक ही है, क्योंकि लगातार तीन पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से मौसम में एक फिर बदलाव होगा और अगले सात दिनों के दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और आसपास के मैदानी इलाकों में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान पहाड़ों की ऊंची चोटियों पर हिमपात भी हो सकता है।भारत मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, श्रीनगर में माइनस 1.2 डिग्री पारा रहा, जबकि एक दिन पहले की रात यह माइनस 4.7 डिग्री सेल्सियस था। पंजाब के अमृतसर में पारा 2.9 डिग्री दर्ज किया गया, जो पहले मुकाबले कुछ अधिक है, हालांकि अभी भी यह सामान्य से एक डिग्री नीचे है। हरियाणा में भिवानी सबसे ठंडा रहा और तापमान 3 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि गुरुग्राम में पारा 5.5 डिग्री रहा। पहले इन जगहों पर 1 डिग्री से आसपास पारा चल रहा था। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह राजस्थान को भी भीषण शीतलहर से कुछ राहत मिली है और ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। अलवर में सबसे कम 7.2 डिग्री तापमान रहा, जबकि सिरोही, श्रीगंगानर, बीकानेर और नागौर में 10 डिग्री से कम न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

## कोहरे का कहर हुआ कम

आईएमडी के अनुसार, घने कोहरे का कहर झेल रहे इलाकों में भी कमी आई है। हालांकि, अभी भी कुछ स्थानों पर सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। पंजाब और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ छिटपुट इलाकों में अत्यधिक घना कोहरा रहा और दृश्यता 50 मीटर से भी कम रही। पूर्वी राजस्थान, बिहार और मेघालय के कुछ छिटपुट इलाकों में भी घना कोहरा छाया रहा और दृश्यता 50-199 मीटर के बीच दर्ज की गई। पंजाब के अमृतसर, उत्तर प्रदेश के अयोध्या, फुरसतगंज और लखनऊ प्रत्येक में कुछ जगहों पर दृश्यता शून्य मीटर रही।

# गुजरात के सूरत में 21 करोड़ रुपये की लागत बन रहा पानी का टैंक ढ़हा

**एजेंसी। सूरत**

गुजरात के सूरत में पानी के टैंकों को लेकर हैरान करने वाली घटना सामने आई हैं। यह घटना कमरेज तालुका के गयपागला गांव (तड़कश्वर) में हुई। यहां हाल ही में 21 करोड़ रुपये की लागत से नया पानी का टैंक बनाया गया था। लेकिन जैसे ही टैंक में पानी भरने का परीक्षण शुरू हुआ, वह जोरदार धक्के के साथ ढह गया। बता दें कि यह टैंक 15 मीटर ऊंचा था और इसमें 11 लाख लीटर पानी भरने की क्षमता थी। टैंक का निर्माण तापी जल आपूर्ति योजना के तहत किया गया था, जो 33 गांवों में शुद्ध पानी पहुंचाने के लिए था। ध्यान रहे कि घटना 19 जनवरी को हुई, जब टैंक में पानी भरकर परीक्षण किया जा रहा था। टैंक आधा भरा ही था कि वह जोरदार धक्के और शोर के साथ ढह गया। इस हादसे में तीन मजदूर घायल हुए, जिनमें एक महिला भी शामिल है। जांच में पता चला कि टैंक की सामग्री बहुत खराब थी। घटनास्थल पर अधिकारियों ने देखा कि टैंक के मलबे से सीमेंट की परतें अलग हो रही थीं, जो निर्माण में भ्रष्टाचार और गड़बड़ी की तरफ इशारा करती हैं। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने सीमेंट और लोहे की घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया। मामले में जल आपूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता जय चौधरी ने बताया कि टैंक अभी परीक्षण के चरण में था।

## नितिन नवीन ने देश की सबसे बड़ी पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में किया पदभार ग्रहण

# पार्टी मे मेरे भी बॉस नवीन : पीएम मोदी



- मोदी ने नए अध्यक्ष को युवा ऊर्जा और संगठनात्मक अनुभव का अनूठा संगम बताया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक इतिहास में मंगलवार का दिन एक नए अध्याय के रूप में दर्ज हो गया, जब 45 वर्षीय नितिन नवीन ने देश की सबसे बड़ी पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। भाजपा मुख्यालय में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं नवीन को अध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान कराया, मिठाई खिलाकर बधाई दी और कार्यकताओं के सामने स्पष्ट संदेश दिया कि श्पार्टी के मामलों में अब नितिन नव मेरे बॉस हैं और मैं कार्यकर्ता हूं। इस प्रतीकात्मक वक्तव्य ने भाजपा की कार्यकर्ता-प्रधान संस्कृति और संगठनात्मक अनुशासन को स्पष्ट रूप से फिर रेखांकित किया। संगठन पर्व के समापन के साथ बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक चले चुनावी प्रक्रिया के बाद नवीन को अध्यक्ष घोषित किया गया। सोमवार को पार्टी में केवल उनका ही नामांकन हुआ था लिहाजा मतदान की जरूरत ही नहीं पड़ी। पदभार ग्रहण करने के बाद नितिन ने प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनके लिए राजनीति सत्ता का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा की साधना है। एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में इस दायित्व को स्वीकार कर रहा हूं और संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से काम करूंगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने लगभग 40 मिनट के संबोधन में बार-बार नवीन को माननीय कहकर संबोधित किया और कहा कि नए अध्यक्ष के सामने वह अपनी सरकार और संगठनात्मक प्रयासों का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर रहे हैं।अब वे मेरी भी सीआर लिखेंगे।

### परिवर्तनशीलता ही भाजपा की ताकत

मोदी ने नए अध्यक्ष को युवा ऊर्जा और संगठनात्मक अनुभव का अनूठा संगम बताया और कहा कि नवीन उस पीढ़ी से आते हैं, जिसने बचपन में रेडियो पर समाचार सुने और आज एआई जैसे उपकरणों का उपयोग कर रही है। यह परिवर्तनशीलता ही भाजपा की ताकत है। समारोह में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर च्सह धामी सहित अनेक वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर भी तीखा प्रहार किया और कहा कि कांग्रेस ने कभी अपने पतन की निष्पक्ष समीक्षा नहीं की, जबकि भाजपा जीत-हार दोनों से सीखती है। उन्होंने 1984 के बाद कांग्रेस की गिरावट का उदाहरण देते हुए कहा कि आत्ममंथन के अभाव ने उसे कमजोर किया। इसके विपरीत, भाजपा हर चुनाव के बाद अपने प्रदर्शन का विश्लेषण कर आगे की रणनीति बनाती है।

### नवीन ने राष्ट्रसेवा को राजनीति का लक्ष्य बताया

नितिन नवीन ने विशेष रूप से युवाओं से राजनीति में सक्रिय भागीदारी की अपील की। कहा कि राजनीति से दूरी समाधान नहीं है। सकारात्मक राजनीति ही विकसित भारत के लक्ष्य को साकार कर सकती है। उन्होंने कहा कि राजनीति सौ मीटर की दौड़ नहीं, बल्कि मैराथन है, जिसमें धैर्य, निरंतरता और समर्पण की परीक्षा होती है। उन्होंने कार्यकताओं को भरोसा दिलाया कि भाजपा में हर मेहनत पर नजर है और समय आने पर हर कार्यकर्ता को उसका उचित स्थान मिलेगा। आगामी विधानसभा चुनावों का उल्लेख करते हुए नवीन ने बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया।

# राहुल गांधी का मनरेगा को लेकर सरकार पर निशाना



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मनरेगा को खत्म करके सरकार वीबी-जी-राम-जी नाम से एक नया कानून लेकर आई है। इसे लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गाधी ने मोदी सरकार पर गरीबों के बजाय नौकरशाहों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। मनरेगा के विरोध में कांग्रेस देश भर में मनरेगा बचाओ अभियान चला रही है। मनरेगा पर मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सत्ता को केंद्रीकृत करने, इसे नौकरशाही को सौंपने और गरीब नागरिकों को भूखा मरने के लिए छोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा मनरेगा का मकसद बेरोजगार ग्रामीणों को पैसे कमाने का जरिया देना था। लेकिन प्रधानमंत्री ऐसा नहीं चाहते, वे सत्ता को केंद्रीकृत करना चाहते हैं और इसे नौकरशाही को सौंपना चाहते हैं। वह गरीबों को भूखा मरेने के लिए छोड़ना चाहते हैं। एक्ट में सुधार के नाम पर गरीबों का सुरक्षा कवच हटाया गया है। उन्होंने एक्ट से महात्मा गांधी के नाम को हटाने की भी निंदा की। कांग्रेस सांसद अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दो दिवसीय दौरे पर हैं। आज उन्होंने राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम में यूथ स्पोर्ट्स एकेडमी रायबरेली द्वारा आयोजित रायबरेली प्रीमियर लीग का उद्घाटन किया। इसके साथ ही वे मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ जनसभा को संबोधित करेंगे। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के कामों का भी उद्घाटन करेंगे। दूसरे दिन के लिए, कांग्रेस सांसद की अपने गेस्ट हाउस में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक बैठक करेंगे।

# भाजपा ने विनोद तावड़े को केरल चुनाव प्रभारी बनाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केरल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने विनोद तावड़े को प्रभारी नियुक्त किया है। केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे को सह-प्रभारी बनाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के पहले ही दिन नितिन नबीन ने नियुक्तियां कीं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने नियुक्ती से जुड़ा पत्र जारी किया। केरल में वर्तमान में लेफ्ट की सरकार है। पी विजयन सीएम हैं। भाजपा कभी भी केरल की सत्ता में नहीं आ सकी है। 2021 के चुनाव में भी भाजपा एक भी सीट नहीं जीत सकी थी। यहां विधानसभा की 140 सीटें हैं। केरल देश का इकलौता राज्य है, जहां अभी भी लेफ्ट सत्ता में है। यहां सत्ता बदलने की परंपरा रही है, लेकिन 2021 में वाम मोर्चा (एलडीएफ) ने इस ट्रेंड को तोड़ते हुए लगातार दूसरी बार सरकार बनाई। कांग्रेस गठबंधन की कोशिश इस बार एंटी इनकम्बेंसी को कैश करानी की रहेगी। वहीं, भाजपा अब तक केरल में एक भी विधानसभा सीट नहीं जीत पाई है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने त्रिशूर लोकसभा सीट जीती थी। यहां से सुरेश गोपी इकलौते सांसद हैं। उन्होंने सीपीआई के वीएस सुनीलकुमार को 74 हजार वोटों से हराया था। गोपी ने पहली बार ही चुनाव लड़ा था। गोपी मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के फेमस एक्टर हैं। इसके अलावा दिसंबर 2025 में भी भाजपा ने पहली बार त्रिवेंद्रम (तिरुवनंतपुरम) नगर निगम का चुनाव जीता।







केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
बक्सर, 21 जनवरी 2026
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com


# भक्ति और ज्ञान का महासंगम रू कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ



**केटी न्यूज/बक्सर**

डुमरांव नगर एक बार फिर धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना के रंग में रंग गया है। ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध बड़ी संगत उदासीन मठ परिसर में सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा धार्मिक परंपराओं के अनुरूप निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर पवित्र कलश धारण कर भगवान श्रीकृष्ण और श्रीमद्भागवत की महिमा का गुणगान किया। ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और भजन-कीर्तन के बीच निकली यात्रा ने पूरे नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यात्रा बड़ी संगत उदासीन मठ परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई पुनः मठ परिसर में संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया, जिससे धर्म और आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिला।

**सात दिनों तक बहेगी भक्ति की अविरल धारा**

आयोजन समिति के अनुसार 21 जनवरी से 27 जनवरी तक प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस कथा ज्ञान यज्ञ में देश-प्रदेश में प्रसिद्ध कथावाचक मानस माधुरी पाठक श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत के दिव्य प्रसंगों का रसपान कराएंगी। उनकी कथा शैली सरल, भावपूर्ण और भक्तिभाव से परिपूर्ण मानी जाती है, जिससे हर वर्ग के श्रोता सहज रूप से कथा से जुड़ जाते हैं। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति, गोवर्धन लीला, रास लीला सहित श्रीमद्भागवत के अनेक प्रेरक प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। आयोजकों का मानना है कि इन कथाओं के श्रवण से श्रद्धालुओं के जीवन में भक्ति, संयम और सदाचार का भाव जागृत होता है।

**धर्म और सद्भाव का संदेश**

आयोजन समिति ने बताया कि कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैठने, प्रकाश, ध्वनि, पेयजल और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है। स्वयंसेवकों की तैनाती कर पूरे आयोजन को सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है। डुमरांव ही नहीं, बल्कि आसपास के प्रखंडों और दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। श्रद्धालुओं का मानना है कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन भी है। आयोजकों के अनुसार इस ज्ञान यज्ञ का उद्देश्य समाज में धर्म, शांति, सद्भाव और नैतिक मूल्यों का प्रसार करना है। माना जा रहा है कि यह आयोजन डुमरांव के धार्मिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा और लोगों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा।

## एक नजर

### राज हाई स्कूल में आयोजित हुआ मासिक गुरुगोष्ठी, बीईओ ने की अध्यक्षता

**डुमरांव।** स्थानीय राज हाई स्कूल परिसर में मंगलवार को डुमरांव प्रखंड से जुड़े प्रधान शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुधांशु कुमार ने की। गुरु गोष्ठी में प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधान शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यालय संचालन, नामांकन, नियमित उपस्थिति, पाठ्यक्रम की प्रगति एवं विभागीय निदेशों के अनुपालन सहित कई अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने प्रधान शिक्षकों को विद्यालयों में अनुशासन बनाए रखने, बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समय पर छात्रों तक पहुंचाना सभी प्रधान शिक्षकों की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति, पोशाक एवं साइकिल योजना सहित अन्य शैक्षणिक योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में विद्यालयों में आधारभूत संरचना, साफ-सफाई, शैक्षणिक वातावरण तथा अभिभावकों से समन्वय जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। गुरु गोष्ठी के दौरान प्रधान शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों से जुड़ी समस्याओं और सुझावों को रखा, जिस पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने शिक्षकों से नियमित निरीक्षण, समय पर रिपोर्टिंग और विभागीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और अंत में सभी प्रधान शिक्षकों से अपेक्षा की गई कि वे प्राप्त निदेशों का पालन करते हुए विद्यालयों के शैक्षणिक स्तर को और बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे।

### सीएमआर भुगतान में देरी से पैक्स पर संकट धान अधिप्राप्ति लक्ष्य पर मंडराया खतरा

**डुमरांव।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष के तहत चल रही धान अधिप्राप्ति व्यवस्था अब प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। एक ओर सरकार किसानों से धान खरीद को लेकर गंभीरता दिखा रही है, वहीं दूसरी ओर पैक्स समितियां भुगतान संकट से जूझ रही हैं। जिले को 12 लाख 87 हजार मीट्रिक टन धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य दिया गया है, जिसके मुकाबले अब तक मात्र 53,954.410 मीट्रिक टन धान की खरीद 6,249 किसानों से हो सकी है। धान अधिप्राप्ति के बाद पैक्स के माध्यम से चावल मिलों में कस्टम मिलिंग कराकर एसएफसी को सीएमआर सौंपा जाता है। वर्तमान में पैक्स समितियों द्वारा 5,868 मीट्रिक टन सीएमआर एसएफसी को दिया जा चुका है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अब तक इसके एवज में एक रुपये का भी भुगतान नहीं किया गया है। इससे पैक्स समितियों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। पैक्स अध्यक्षों का कहना है कि नियमों के अनुसार सीएमआर गिरने के चार दिनों के भीतर एसएफसी को भुगतान करना अनिवार्य है, लेकिन व्यवहार में इसका खुला उल्लंघन हो रहा है। भुगतान नहीं मिलने के कारण पैक्स को बैंक ऋण पर अतिरिक्त ब्याज चुकाना पड़ रहा है, जबकि किसानों को धान खरीद के 48 घंटे के भीतर भुगतान करना उनकी मजबूरी है। पैक्स प्रतिनिधियों ने चेताया है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो धान अधिप्राप्ति की रफ्तार थम सकती है। कई समितियों की कार्यशील पूंजी पूरी तरह फंस चुकी है, जिससे आगे किसानों से धान खरीदना मुश्किल हो जाएगा। इसका सीधा असर सरकारी लक्ष्य पर पड़ेगा।

# आरजी बकाया, रोजगार और प्रदूषण पर भड़के चौसा के किसान

- **थर्मल पावर प्लांट के गेट पर शक्ति प्रदर्शन, 20 मार्च से अनिश्चितकालीन कार्य ठप करने का एलान**

**केटी न्यूज/चौसा**

बक्सर थर्मल पावर प्लांट परियोजना से जुड़े वर्षों पुराने वादों के पूरा न होने से आक्रोशित किसानों और बेरोजगार युवकों ने मंगलवार को खुलकर मोर्चा खोल दिया। परियोजना प्रभावित परिवारों को आरजी भुगतान, फसल वार्षिकी और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर मोहनपुरवा स्थित बक्सर थर्मल पावर प्लांट के मुख्य गेट पर एक दिवसीय सांकेतिक लेकिन बेहद सख्त तेवरों वाला महाधरना आयोजित किया गया।

संयुक्त किसान मोर्चा बिहार, भारतीय किसान यूनियन तथा प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर मोर्चा चौसा के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित इस धरना-प्रदर्शन ने साफ



संकेत दे दिया कि अब किसान सिर्फ आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई चाहते हैं। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में किसान, खेतिहर मजदूर और बेरोजगार युवक मौजूद रहे, जिससे प्लांट प्रबंधन पर दबाव स्पष्ट रूप से नजर आया।

धरने को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि वर्ष 2016 में ही परियोजना प्रभावितों को 5 लाख रुपये की एकमुश्त आरजी राशि और 750 दिन की मजदूरी के बराबर भुगतान किया जाना था, लेकिन लगभग एक दशक बीत जाने के बाद भी यह भुगतान अधूरा है। आरोप लगाया गया कि वर्तमान में कंपनी प्रबंधन नियमों को दरकिनार कर मनमाने तरीके से आरजी भुगतान कर रहा है, जिससे प्रभावित परिवारों में भारी असंतोष है।

नेताओं ने यह भी कहा कि वर्ष 2019-20 से स्थानीय बेरोजगार युवक लगातार बायोडाटा जमा कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद रोजगार में बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे न सिर्फ स्थानीय युवाओं का हक मारा जा रहा है, बल्कि परियोजना के प्रति विश्वास भी लगातार कमजोर हो रहा है। धरना स्थल पर मौजूद युवाओं ने कंपनी प्रबंधन पर रोजगार नीति में भेदभाव का सीधा आरोप लगाया।

प्रदर्शन के दौरान कोयला डंपिंग यार्ड से फैल रहे प्रदूषण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। नेताओं ने कहा कि खिलाफतपुर, नारायणपुर, अखौरीपुर गोला, कनकनारायणपुर, बनारपुर और सिकरौल सहित कई गांव कोयला धूल और प्रदूषण की चपेट में हैं। इससे फसल, पशुधन और लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है, लेकिन कंपनी इस ओर आंख मूंदे बैठी है।

किसान संगठनों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 20 मार्च से एसटीपीएल थर्मल पावर प्लांट का कार्य अनिश्चितकालीन रूप से शांतिपूर्ण तरीके से बंद कर दिया जाएगा। नेताओं ने स्पष्ट किया कि आंदोलन पूरी तरह अहिंसक होगा, लेकिन इसके लिए कंपनी प्रबंधन और प्रशासन जिम्मेदार होंगे।

महाधरना की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता ललितेश्वर राय ने की, जबकि मंच संचालन नंद कुमार राम ने किया। धरने में भारतीय किसान यूनियन बिहार-झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार, बिहार राज्य दुग्ध उत्पादक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य बसंती देवी, बनारपुर की मुखिया ममता देवी सहित उपेंद्र राय, नंदलाल सिंह, घनश्याम चौधरी, बृजेश राय, इस्राइल खान, रामप्रवेश सिंह यादव समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान और मजदूर मौजूद रहे।

धरने के दौरान वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि अब संघर्ष आर-पार का होगा। वर्षों से लंबित मांगों को लेकर किसान अब पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो यह आंदोलन और व्यापक रूप ले सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होगी।

# मनरेगा संग्राम के तहत ब्रह्मपुर में कांग्रेस का आंदोलन, मजदूरों ने उठाई समस्याएं

**केटी न्यूज/बक्सर**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार 13 जनवरी से शुरू किए गए मनरेगा संग्राम कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ब्रह्मपुर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में एक व्यापक जनआंदोलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रघुनाथपुर ग्राम से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूरों, महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। मनरेगा योजना में कथित छेड़छाड़ और मजदूरों के अधिकारों में कटौती के विरोध में चल रहे इस आंदोलन को ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक समर्थन मिला। मौके पर मौजूद मनरेगा मजदूरों ने मजदूरी भुगतान में देरी, काम के दिनों में कटौती, जॉब कार्ड से जुड़ी



समस्याओं सहित अपनी विभिन्न परेशानियों को खुलकर सामने रखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा योजना यूपीए सरकार की एक ऐतिहासिक और विश्वस्तरीय योजना थी, जिसे तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह एवं कांग्रेस नेता श्रीमती सोनिया गांधी के नेतृत्व में मजबूती दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान मोदी सरकार ने मनरेगा को कमजोर कर गरीब मजदूरों के हक पर चोट की है, जबकि बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। डॉ. पांडे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ अंतिम दम तक संघर्ष करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम को हटाने और योजना को कमजोर करने का षड्यंत्र किया जा रहा है, जिसका पदार्फाश कांग्रेस गांव-गांव जाकर करेगी। आने वाले दिनों में यह आंदोलन और अधिक आक्रामक रूप लेगा। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी मृणाल अनामय ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम और उनके विचारों के साथ छेड़छाड़ बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के 100 दिनों के रोजगार की गारंटी को कमजोर करना लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है, जिसे कांग्रेस कभी स्वीकार नहीं करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजू वर्मा ने की। आंदोलन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता भोला ओझा, लालबाबू मिश्रा, डॉ. चंद्रशेखर पाठक, मोहम्मद जलील अंसारी, राजेश पांडे, गौतम वर्मा, गंगेश्वर पांडे, तारकेश्वर पाठक, दीपक कुमार, सरवन कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीईओ बनाम जिला अपीलीय प्राधिकार, एक लिपिक की प्रतिनियुक्ति ने खोली शिक्षा कार्यालय की अंदरूनी खींचतान

- **नियमों की दुहाई या अधिकारों की जंग, डीईओ के फैसले पर अपीलीय प्राधिकार का सीधा ऐतराज**

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला शिक्षा कार्यालय बक्सर एक बार फिर सुर्खियों में है, लेकिन वजह शैक्षणिक सुधार नहीं बल्कि अफसरशाही की आपसी खींचतान है। एक साधारण लिपिक की प्रतिनियुक्ति का मामला अब जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) संदीप रंजन और जिला अपीलीय प्राधिकार के बीच टकराव का कारण बन गया है। यह विवाद अब सिर्फ प्रशासनिक निर्णय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अधिकार क्षेत्र और नियमों की व्याख्या की जंग में तब्दील हो चुका है। मामला लिपिक हिमाद्री कुमार से जुड़ा है, जो पूर्व में बक्सर जिले में कार्यरत थे। स्थानांतरण के बाद वर्ष 2024 में उनकी पुनः जिले में वापसी हुई और उन्हें जिला अपीलीय प्राधिकार में प्रतिनियुक्त किया गया। सब कुछ सामान्य चल रहा था, लेकिन इसी बीच डीईओ को हिमाद्री कुमार के विरुद्ध शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत के आलोक में डीईओ ने 14 जनवरी को बड़ा कदम उठाते हुए उनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त कर दी और उन्हें राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, चक्की में योगदान देने का आदेश जारी कर दिया। डीईओ यहीं नहीं रुके बल्कि कार्य में बाधा न हो, इसके लिए जिला शिक्षा कार्यालय में पदस्थ एक प्रशाखा पदाधिकारी को जिला अपीलीय प्राधिकार में भेज दिया गया। लेकिन यही फैसला अब विवाद की जड़ बन गया है। जिला अपीलीय प्राधिकार डॉ. अजय कुमार पांडेय ने डीईओ को पत्र भेजकर स्पष्ट किया कि हिमाद्री कुमार की प्रतिनियुक्ति तत्काल प्रभाव से रद्द की जाए, यानी उन्हें दोबारा अपीलीय प्राधिकार में बहाल किया जाए।

इस पत्र के बाद शिक्षा विभाग के गलियारों में हलचल तेज हो गई है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या डीईओ को अर्द्ध न्यायिक संस्था में तैनाती बदलने का एकतरफा अधिकार है, या फिर अपीलीय प्राधिकार की सहमति अनिवार्य है।

इस पूरे विवाद पर डीईओ संदीप रंजन ने साफ कहा कि जिला अपीलीय प्राधिकार एक अर्द्ध न्यायिक व्यवस्था है और विभागीय नियमों के तहत वहां लिपिक उपलब्ध कराना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने दो टूक कहा कि नियमों में कहीं यह नहीं लिखा कि किसी एक विशेष व्यक्ति को ही वहां प्रतिनियुक्त किया जाए। उनके अनुसार लिया गया निर्णय पूरी तरह विभागीय नियमों के अनुरूप है।

फिलहाल एक लिपिक की कुर्सी ने पूरे जिला शिक्षा कार्यालय की कार्यप्रणाली और अधिकारों की सीमाओं पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। अब देखना यह होगा कि यह टकराव पत्राचार तक सीमित रहता है या किसी बड़े प्रशासनिक फैसले की ओर बढ़ता है।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर डीएम साहिला ने की समीक्षा बैठक



- **किला मैदान सहित छह स्थानों पर होगा झंडोतोलन, साफ-सफाई से लेकर झांकी चयन तक की गई विस्तृत समीक्षा**

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलेभर में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने को लेकर संबंधित विभागों से अद्यतन जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि किला मैदान बक्सर सहित जिले के कुल छह स्थानों पर जिलाधिकारी द्वारा झंडोतोलन कार्यक्रम का समय निर्धारित कर दिया गया है। सभी स्थानों पर तय समय पर झंडोतोलन सुनिश्चित कराने के लिए कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर दी जाएगी। साथ ही कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग कराने की भी व्यवस्था की जा रही है, ताकि आमजन भी कार्यक्रम से जुड़ सकें।

**साफ-सफाई व बिजली व्यवस्था पर विशेष जोर**

डीएम ने सभी निर्धारित रूटों में लूज व लटके हुए विद्युत तारों की मरम्मती कराने, सड़कों व मार्गों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा चुना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने का निर्देश दिया। मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों, प्रतिमा स्थलों एवं कार्यक्रम स्थलों पर विशेष साफ-सफाई कराने को कहा गया। साथ ही तिरंगा लाइटों की सजावट और देशभक्ति गीतों के प्रसारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### राष्ट्रगान व उद्घोषणा की व्यवस्था

जिला शिक्षा पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया गया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रगान के लिए संबंधित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की टीमों का चयन समय पर कर लिया जाए। इसके साथ ही एक महिला एवं एक पुरुष शिक्षक को उद्घोषक के कार्य हेतु चयन कर उनकी सूची उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया, ताकि कार्यक्रम का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके।

### चिकित्सा व सुरक्षा व्यवस्था

सिविल सर्जन बक्सर को गणतंत्र दिवस के अवसर पर एम्बुलेंस एवं चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा संसाधनों को तैयार रखने को कहा गया।

### महानुभावों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण

बैठक में बताया गया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में अवस्थित विभिन्न महानुभावों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए नजारत उप समाहर्ता बक्सर को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिमा स्थलों के आसपास पर्याप्त साफ-सफाई कराई जाए।

### महादलित टोलों में झंडोतोलन

जिले के महादलित टोलों में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए जिला कल्याण पदाधिकारी को रोस्टर तैयार करने का निर्देश दिया गया। संबंधित महादलित टोले में शिक्षक एवं विकास मित्र की उपस्थिति में झंडोतोलन कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा।

### झांकी प्रदर्शन को लेकर तैयारी

गणतंत्र दिवस के अवसर पर किला मैदान बक्सर में झांकी प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसको लेकर कुल 10 कार्यालयों से थीम आधारित प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में झांकी चयन हेतु स्क्रीनिंग समिति गठित करने का निर्देश दिया गया, जो प्रस्तावों की समीक्षा कर अंतिम चयन करेगी। जिलाधिकारी साहिला ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और समयसीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व है, इसे पूरी गरिमा, अनुशासन और उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए।

Mob: 9122226720
कुमार आर्योपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, डेलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार

# नितिन नवीन बने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बक्सर में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

- **कम उम्र में पार्टी की शीर्ष कमान मिलने पर बिहार सहित देशभर में उत्साह, अहिरौली पार्टी कार्यालय में रंग-गुलाल और मिठाई वितरण**



**केटी न्यूज/बक्सर**

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने संगठन को नई दिशा देने के उद्देश्य से तेज-तर्रार युवा नेता और बाकिंपुर (पटना) के विधायक नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की नियमावली के अनुसार हाल ही में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें इस पद के लिए एकमात्र नामांकन नितिन नवीन का हुआ। इसके पश्चात विधिवत रूप से उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। इससे पूर्व यह दायित्व जे.पी. नड्डा के पास था। नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की घोषणा के बाद पूरे देश में, विशेषकर बिहार भाजपा में, उत्साह का माहौल देखने को मिला। पार्टी के इतिहास में यह पहली बार है जब इतनी कम उम्र में किसी विधायक और मंत्री को संगठन की सर्वोच्च जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसे भाजपा के लिए एक ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है। कार्यकर्ताओंा का कहना है कि यह निर्णय पार्टी के भविष्य और युवा नेतृत्व पर शीर्ष नेतृत्व के भरोसे को दर्शाता है। इसी खुशी और गौरव के माहौल में बक्सर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय अहिरौली में उत्सव मनाया। कार्यकताओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया, मिठाई खिलाई और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यकताओं ने नितिन नवीन के नेतृत्व में संगठन के और अधिक मजबूत होने की उम्मीद जताई।

कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने कहा कि नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से भाजपा को नई ऊर्जा मिलेगी और संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ युवाओं की भागीदारी भी बढ़ेगी। बक्सर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी देशभर में नए आयाम स्थापित करेगी। इस अवसर पर निर्भय राय, रमेश गुप्ता, विनोद राय, लक्ष्मण शर्मा, धनन्जय त्रिगुण, मनोज पांडेय, दीपक पाण्डेय, प्रमोद मिश्रा, दिलीप चन्द्रवंशी, संध्या पाण्डेय, सुनील सिंह, आशानन्द सिंह, कंचन जयसवाल, प्रिया राय, नीलम सहाय, ब्रजेश चौबे, अतिशय लाल, भगवान त्यागी, विनोद उपाध्याय, श्रीकांत तिवारी, बटेश्वर मिश्रा, मदन दुबे, भास्कर सिंह तथा जिला मीडिया प्रभारी उमाशंकर राय सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी सहिला की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

# भूमि विवाद से लेकर यातायात व मद्य निषेध तक कई अहम निर्देश




**केटी न्यूज/बक्सर**

समाहरणालय सभाकक्ष, बक्सर में जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति, हिट एंड रन, नीलाम पत्र वाद, मद्य निषेध, खनन, विधि-व्यवस्था, भू-विवाद, लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम एवं लोक सेवा केंद्र से संबंधित मामलों की व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता जनहित, विधि-व्यवस्था और पारदर्शी सेवा प्रदान करना है।

**भूमि विवाद सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता**

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि भू-समाधान पोर्टल के माध्यम से भूमि विवादों का त्वरित और प्रभावी निराकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि भूमि विवाद से संबंधित किसी भी प्रकार की विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष के विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव को सप्ताह में एक दिन किसी एक थाने में उपस्थित रहकर भूमि विवादों की निगरानी एवं अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

**नीलाम पत्र वाद में सख्ती**

नीलाम पत्र वाद की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने प्रत्येक थाना क्षेत्र में बड़े बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाकर बॉडी वारंट के अनुपालन का निर्देश दिया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव को पाक्षिक बैठक में नीलाम पत्र वादों की नियमित समीक्षा करने को कहा गया।

**मद्य निषेध और शस्त्र लाइसेंस पर कड़ी निगरानी**

मद्य निषेध की समीक्षा के दौरान अधीक्षक मद्य निषेध को थानावार शराब एवं वाहन जप्ती का विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जप्त शराबों का यथाशीघ्र विनष्टीकरण सुनिश्चित करने हेतु नियमानुसार प्रस्ताव देने को कहा गया। वहीं शस्त्र समीक्षा में निर्देश दिया गया कि जिन शस्त्रों के लाइसेंस रद्द या निलंबित किए जा चुके हैं, उन्हें तत्काल जमा करवाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

-- सीसीटीवी, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बक्सर को रामरेखा घाट पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया गया। बंदरों द्वारा बार-बार सीसीटीवी तार क्षतिग्रस्त किए जाने की घटनाओं को देखते हुए वायरलेस सीसीटीवी लगाने पर जोर दिया गया। साथ ही सभी सीसीटीवी कैमरों को चालू अवस्था में रखने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव को बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर, ब्रह्मपुर में नियंत्रण कक्ष स्थापित करते हुए सीसीटीवी लगवाने का आदेश दिया गया।

**आगामी पर्वो को लेकर प्रशासन सतर्क**

आगामी पर्व सरस्वती पूजा, शब-ए-बारात एवं महाशिवरात्रि के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव को बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद क्षेत्र में ठेला, टो-टो के कारण लगने वाले जाम को देखते हुए नियमित अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने, टो-टो संचालन के लिए रूट चार्ट तैयार करने तथा निर्धारित संख्या से अधिक टो-टो के संचालन पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया।

**सड़क, अतिक्रमण और लोक सेवा केंद्र**

समीक्षा के दौरान एनएच से जुड़ने वाले प्रमुख पथों के शीघ्र निर्माण, हाईवे पर मिरर, साइनेज और निर्माण स्थलों पर सुरक्षा घेरा लगाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा के आलोक में सभी निमार्णाधीन सड़कों को 10 फरवरी तक पूर्ण कराने का आदेश दिया गया। लोक सेवा केंद्र की समीक्षा में अंचलाधिकारियों को अधिकतम आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन तथा ऑफलाइन आवेदन भी स्वीकार कर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था, विकास और जनसेवा की गुणवत्ता और बेहतर हो सके।

## एक नजर

### किशोर के अपहरण का असफल प्रयास पिता ने थाने में दी लिखित शिकायत




**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र के नगपुरा गांव से 13 वर्षीय एक किशोर के अपहरण का असफल प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में किशोर के पिता अखिलेश कुमार मिश्र ने सिमरी थाने में लिखित आवेदन दे अपहताओं को चिन्हित कर उन्हें पकड़ सजा दिलाने की मांग की है। पुलिस को दिए आवेदन में अखिलेश ने जिक्र किया है कि उनका 13 वर्षीय पुत्र पुष्कर मिश्र जो सिमरी के एक निजी विद्यालय में पढ़ता है, मंगलवार की सुबह 9.10 बजे स्कूल जाने के लिए अपने गांव के समीप मुख्य पथ पर खड़ा था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक आए तथा उसे जबरन बाइक पर बैठा बक्सर की तरफ चल दिए, लेकिन वे जैसे ही मेरे पुत्र को लेकर बक्सर सिंडिकेट के पास पहुंचे कि वहां पुलिस को मुश्तैद देख दोनों मेरे पुत्र को कुछ दूर पहले ही बाइक से उतार भाग खड़े हुए। इसके बाद मेरा पुत्र सड़क किनारे स्थित एक दुकान में गया तथा दुकानदार के मोबाईल से फोन कर मुझे इस घटना से अवगत कराया। जिसके बाद मैं बक्सर जाकर अपने पुत्र को लेकर आया। वहीं, आवेदन मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### यूपीद्व, बिहार सीमा पर पुलिस की घेराबंदी, 15 लीटर शराब के साथ दो तस्कर दबोचे गए

**राजपुर।** यूपी, बिहार सीमा पर सक्रिय शराब तस्करों के खिलाफ राजपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 लीटर अवैध शराब बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर बारूपुर नहर पुल के पास चलाए गए सघन जांच अभियान में एक बाइक पर सवार दो युवकों को पकड़ा गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान इटाढ़ी थाना क्षेत्र के मदन डिहरा निवासी अमन कुमार और रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरतापुर निवासी शुभम कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश से शराब लेकर बिहार में प्रवेश कर रहे थे। सीमा में दाखिल होते ही पुलिस टीम ने नाकेबंदी कर बाइक को रोका। पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर तलाशी ली गई, जिसमें बाइक से शराब बरामद हुई। इस कार्रवाई में तस्करी में प्रयुक्त बाइक भी जब्त कर ली गई है। थानाध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि शराब माफियाओं पर शिकंजा कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नदी किनारे और घाट मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में अपराध नियंत्रण के तहत विभिन्न गांवों में छापेमारी कर न्यायालय के तीन वारंटियों–भलुहां निवासी मिथिलेश राम, बभनी निवासी फूलन साह और सुभाष साह–को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस की इस सख्ती से तस्करों में हड़कंप है।

### नावानगर में गांजा तस्करी पर पुलिस का शिकंजा

**नावानगर।** नावानगर थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार के निर्देश पर केसठ गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जहां से गांजा तस्करी के एक मामले का खुलासा हुआ। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक युवक को गांजा के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान केसठ निवासी महेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी अवैध रूप से गांजा की पुड़िया बनाकर स्थानीय बाजार में बिक्री करने की तैयारी में था। तलाशी के दौरान उसके घर से 85 पुड़िया गांजा बरामद किया गया, जिसका कुल वजन 215 ग्राम बताया गया है। बरामद गांजा को जब्त कर आरोपी से पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# सोनवर्षा दुष्कर्म मामला : पुलिस दबाव में आरोपी ने किया आत्मसमर्पण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जुटी प्रशासन

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा थाना क्षेत्र में छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म मामले में पुलिस की सख्ती का असर अब साफ दिखने लगा है। मामले में नामजद एक आरोपी ने मंगलवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार लगातार दबिश, संभावित गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई के दबाव के चलते आरोपी ने यह कदम उठाया। आत्मसमर्पण करने वाला आरोपी सुंदर पासवान उर्फ शक्तिकांत कुमार है, जो कड़सर गांव निवासी कामेश्वर प्रसाद का पुत्र बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि घटना के बाद से ही पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए लगातार छापेमारी कर रही है। पहले ही एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं आत्मसमर्पण करने वाले आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शेष फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। प्रशासन लगातार स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सभी कानूनी प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन किया जाएगा। मामले की जांच हर पहलू से की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस का कहना है कि ऐसे अपराधों पर किसी भी स्तर पर नरमी नहीं बरती जाएगी।

# सरस्वती पूजा को लेकर प्रशासन सख्त, शांति व मर्यादा में आयोजन पर जोर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

आगामी सरस्वती पूजा के मद्देनजर नया भोजपुर थाना क्षेत्र में प्रशासन ने कमर कस ली है। पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने की, जिसमें पूजा समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि सरस्वती पूजा ज्ञान, संस्कार और आस्था का प्रतीक है, इसलिए इसके आयोजन में मयार्दा और नियमों का पालन अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अश्लीलता या




भड़काऊ गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी लोग बिना किसी भय के शांतिपूर्वक पूजा में भाग लें।

थानाध्यक्ष ने पूजा पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पूजा समितियों को समय पर लाइसेंस लेना होगा और निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य रहेगा। डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा अश्लील, आपत्तिजनक या भड़काऊ गीतों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रतिमा विसर्जन को लेकर भी प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश जारी किए। थानाध्यक्ष ने बताया कि विसर्जन निर्धारित समय और तय मार्ग से ही किया जाएगा, जिससे किसी प्रकार की अफरा-तफरी या टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके लिए पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में उपस्थित पूजा समिति सदस्यों ने प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया और अपनी समस्याओं व सुझावों से अवगत कराया। थानाध्यक्ष ने सभी सुझावों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

# सभी पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइट और पंचायत सरकार भवन की मांग तेज



- **पंचायती राज मंत्री से मिले जदयू नेता रवि उज्ज्वल कुशवाहा, समस्याओं के समाधान का आश्वासन**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं को लेकर मांग एक बार फिर तेज हो गई है। इसी क्रम में डुमरांव जदयू के पूर्व विधानसभा प्रभारी रवि उज्ज्वल कुशवाहा ने पटना में बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के मंत्री दीपक प्रकाश से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं से मंत्री को अवगत कराते हुए उनके त्वरित समाधान की मांग की।

**ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दे रखे**

मुलाकात के दौरान रवि उज्ज्वल कुशवाहा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए वे लगातार सरकार के समक्ष जनता की आवाज उठाते रहे हैं। उन्होंने मंत्री का ध्यान उन पंचायतों की ओर आकृष्ट कराया, जहां अब तक सोलर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं हो सकी है। उन्होंने मांग की कि सभी शेष पंचायतों में प्राथमिकता के आधार पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जाए, ताकि ग्रामीण इलाकों में रात्रि के समय सुरक्षा, आवागमन और सामाजिक गतिविधियों में सुधार हो सके।

## पंचायत सरकार भवन निर्माण पर जोर

इसके अलावा रवि उज्ज्वल कुशवाहा ने कई पंचायतों में पंचायत सरकार भवन के निर्माण की आवश्यकता को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन ग्रामीण प्रशासन की रीढ़ होते हैं, जिनसे पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और सुविधा बढ़ती है। उन्होंने यह भी मांग रखी कि जिन पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, वहां उन्हें शीघ्र पूरी तरह क्रियाशील किया जाए, ताकि आम जनता को सरकारी सेवाओं के लिए प्रखंड या जिला मुख्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े।

## विवाह मंडप निर्माण की भी मांग

रवि उज्ज्वल कुशवाहा ने जिले में विवाह मंडप के निर्माण की मांग भी मंत्री के समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि विवाह मंडप के बनने से आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम वर्गीय परिवारों को काफी राहत मिलेगी। इससे सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए बाहर अधिक खर्च नहीं करना पड़ेगा और गांव स्तर पर ही सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी।

## विकास के चौथे चरण की ओर बिहार

मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि बिहार विकास के चौथे चरण की ओर तेजी से अग्रसर है। सरकार की योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही हैं, जिससे ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। आने वाले समय में ग्रामीण बिहार की तस्वीर और अधिक सशक्त और समृद्ध होगी। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने रवि उज्ज्वल कुशवाहा द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के माध्यम से यथासंभव कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# वसंत पंचमी सहित विभिन्न महोत्सवों के आयोजन को लेकर कला एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय, बक्सर द्वारा मंगलवार को समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में कला एवं संस्कृति के विकास तथा विभागीय सांस्कृतिक योजनाओं की जानकारी देने को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी रवि बहादुर ने की। बैठक का उद्देश्य बक्सर जिले में कला, संगीत एवं संस्कृति को बढ़ावा देना तथा आगामी महोत्सवों के सफल आयोजन के लिए कार्ययोजना तैयार करना रहा।

बैठक में जिले के विभिन्न माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पदस्थापित संगीत, नृत्य एवं कला शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान आगामी वसंत पंचमी महोत्सव के आयोजन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को आकर्षक एवं प्रभावी बनाने के लिए शिक्षकों व कलाकारों से सुझाव भी लिए गए।

वसंत पंचमी महोत्सव में प्रस्तुति देने के लिए कई कलाकारों एवं विद्यालयों ने सहमति व्यक्त की। इसमें रविरंजन चौबे एवं उनके समूह द्वारा समूह गीत, अभिषेक कुमार द्वारा बांसुरी वादन, ब्रजेश कुमार चौबे द्वारा गायन, प्रदुम्मन उपाध्याय द्वारा भजन, सीपीएसएस उच्च विद्यालय डुमरांव एवं टीएस बालिका उच्च विद्यालय सिमरी द्वारा समूह नृत्य, श्रेया कुमारी, शुभम कुमार एवं मधुरिमा द्वारा एकल गायन, राम नरेश द्वारा एकल भजन तथा मध्य विद्यालय चिलहरी के छात्र-छात्राओं द्वारा पिरामिड कला की प्रस्तुति शामिल है। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, जिला स्थापना दिवस, बिहार दिवस, विश्वामित्र महोत्सव, ब्रह्मपुर महोत्सव एवं उस्ताद बिस्मिल्ला खां महोत्सव जैसे आगामी आयोजनों की भी जानकारी दी गई। साथ ही कलाकार पंजीयन पोर्टल पर दो दिनों के भीतर न्यूनतम पांच कलाकारों का पंजीयन कराने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना, गुरु-शिष्य परंपरा योजना एवं माय भारत पोर्टल की विस्तृत जानकारी भी साझा की गई। बैठक में प्लस टू राज उच्च विद्यालय डुमरांव के अनुराग कुमार मिश्र सहित कई शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा सप्ताह पर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

- **विद्यार्थियों में खेल भावना उनके उज्ज्वल भविष्य की है नई उड़ान : मीना सिंह**

**केटी न्यूज। आरा**

मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहजानंद ब्रह्मर्षि कॉलेज ईकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अवसर पर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार स्पेशल ब्रांच पटना के एसआई मुकेश कुमार,सहजानंद ब्रह्मर्षि कॉलेज के प्राचार्य मीना सिंह दक्षिण बिहार प्रांत के मुख्य अतिथि राज पांडेय, भोजपुर जिला संयोजक अनूप सिंह,नगर मंत्री राहुल कुमार,



नगर खेलो भारत प्रमुख राहुल तिवारी,सहजानंद ब्रह्मर्षि कॉलेज अध्यक्ष उज्वल तिवारी, कॉलेज उपाध्यक्ष जुली कुमारी ने किया। कार्यक्रम संचालन आदित्य सिंह ने की। अवसर पर प्रांत मंत्री सुमित सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन हैऔर विद्यार्थी परिषद अपना रिकॉर्ड स्वतः तोड़ता है और इस वर्ष विद्यार्थी परिषद ने 75 लाख सदस्यता पार कर नया रिकॉर्ड बनाया है, जिसका उद्देश्य भारत को पुनः विश्व गुरु बनाना है, विद्यार्थी परिषद कॉलेज कैंपस में रहकर छात्रों पर किस प्रकार की समस्या न हो इसलिए साल के 365 दिन कॉलेज कैंपस में रहने वाला सत्र संगठन है। विद्यार्थी परिषद कॉलेज के सभी छात्रों उनको जिस में रुचि रहती उनके रुचि के अनुसार उनको आगे ले जाने का काम करती है।वहीं मुख्य अतिथि मुकेश कुमार ने कहा कि मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि मैं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आय हु क्यों की मैं भी अपने स्कूल लेबल से लेकर 2015 में हुए फ्रांस में एथलेटिक्स गेम में भारत का प्रतिनिधि किया है क्योंकि खेल से छात्रों में एक नए ऊर्जा का निर्माण करता है।वहीं दक्षिण बिहार प्रांत के विशेष आमंत्रित सदस्य राज पांडेय ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन जिसक उद्देश्य भारत को पुनः विश्व गुरु बनाना है। जिसको लेकर विद्यार्थी परिषद कॉलेज कैंपस में पढ़ रही छात्रों को किसी प्रकार की समस्या न आए इसलिए काम करता है विद्यार्थी परिषद मुख्य रूप तीन क्षेत्रों में काम करता कार्यक्रम का विषय परिवेश नगर मंत्री राहुल कुमार ने किया और सभी विजेता प्रतिभागियों का घोषणा जिला संयोजक अनूप सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज अध्यक्ष उज्वल तिवारी ने किया। वही कार्यक्रम में, निखिल राज, हैप्पी किशोर, राजन कुमार, विक्रांत ओझा,चंदन सिंह शिवम् राय, रीतेश उपाध्याय सुंदरम, कल्पना भारती अवंतिका विश्वास, लवली कुमारी सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 181 करोड़ रुपये की लागत की 33 योजनाओं का शिलान्यास और 135 करोड़ रुपये की 7 योजनाओं का किया उद्घाटन

# सीएम नीतीश कुमार ने गोपालगंज को दी करोड़ों की सौगात, लालू-राबड़ी राज पर जमकर बरसे

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गोपालगंज में समृद्धि यात्रा के दौरान 316 करोड़ रुपये की लागत से 40 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमें 181 करोड़ रुपये की लागत की 33 योजनाओं का शिलान्यास और 135 करोड़ रुपये की 7 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। मुख्यमंत्री ने भ्रमण के दौरान बतरदेह पंचायत में सारण तटबंध के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया और बरौली प्रखंड में विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। साथ ही वहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को सभी योजनाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नीतीश कुमार ने अधिकारियों के साथ गोपालगंज में



विभिन्न विभागों द्वारा चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुँचना चाहिए और जन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। यात्रा के दौरान आयोजित जन-संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लोगों को भी संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने 24 नवंबर 2005 से पहले की स्थिति का जिक्र किया और कहा कि उस समय बिहार में कानून का शासन नहीं था। शाम ढलते ही लोग घर से बाहर निकलने में डरते थे, समाज में झगड़े आम थे, शिक्षा व्यवस्था बदहाल थी, चिकित्सा सुविधाएं सीमित थीं और सड़कें जर्जर थीं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सत्ता में आने के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली के क्षेत्र में व्यापक काम किए, जिससे बिहार में विकास की तस्वीर स्पष्ट रूप से दिख रही है। नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के शासनकाल का भी इशारा करते हुए कहा कि उस समय मुख्यमंत्री पद पर बदलाव और परिवारवाद देखा गया।

### लालू-राबड़ी पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर 2005 को बिहार में पहली बार एनडीए की सरकार बनी और तभी से राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार की स्थिति बेहद खराब थी। लोग शाम ढलते ही घर से बाहर निकलने में डरते थे।समाज में आए दिन विवाद होते थे और हिंदू-मुस्लिम झगड़े आम बात थी। शिक्षा व्यवस्था बदहाल थी, बहुत कम बच्चे पढ़ाई कर पाते थे। इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं थी और सड़कों की हालत भी जर्जर थी। नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी सरकार ने सत्ता में आने के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली के क्षेत्र में व्यापक काम किए। आज बिहार में हालात बदले हैं और विकास जमीन पर दिख रहा है। उन्होंने कहा कि सात साल में एक मुख्यमंत्री हट गया और अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया। उनका यह इशारा लालू यादव और राबड़ी देवी की ओर था।

# शताब्दी वर्ष के संकल्प के साथ चौखटों तक पहुंचा संघ का संदेश

**केटी न्यूज। नवादा**

रजौली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गौरवशाली यात्रा के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष राष्ट्रव्यापी जन-संपर्क अभियान अपनी पूरी भव्यता और जोश के साथ गतिमान है। जहां 11 जनवरी से विधिवत प्रारंभ हुआ,यह सघन अभियान आगामी 31 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य संगठन के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर जन-जन को राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता के सूत्र में पिरोना है। इस ऐतिहासिक अभियान की कमान रजौली के उन समर्पित और अनुभवी व्यक्तित्वों ने संभाल रखी है, जिन्होंने पूर्व के आंदोलनों और कारसेवा में अपनी अटूट निष्ठा का परिचय दिया था। वर्तमान में खंड संचालक दिलीप कुमार, खंड कार्यवाह बिजय आर्या, के अलावे मनोज बहरपुरिया, सतेन्द्र



कुमार, विनोद आर्या, घप्पू सिंह, दीपक कुमार एवं अशोक सक्सेना के नेतृत्व में स्वयंसेवकों की टोलियां रजौली प्रखंड के प्रत्येक गांव, मोहल्ले और घर-घर तक पहुंचकर एक जीवंत संपर्क स्थापित कर रही हैं। इन अनुभवी कार्यकताओं की उपस्थिति अभियान को न केवल वैचारिक मजबूती प्रदान कर रही है, बल्कि आम जनमानस के बीच संगठन के प्रति विश्वास को और गहरा कर रही है।अभियान के दौरान ये टोलीबद्ध कार्यकर्ता हर घर की दहलीज पर संघ का प्रतीक कैलेंडर और विशेष स्टिकर लगाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, जो आने वाले समय में संगठन की गौरवशाली विरासत और राष्ट्र निर्माण के संकल्पों का स्मरण कराते रहेंगे। स्थानीय स्तर पर इस पहल को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिल रहा है, जहां स्वयंसेवकों द्वारा दिए जा रहे संदेशों को लोग न केवल उत्साहपूर्वक सुन रहे हैं, बल्कि इस शताब्दी यात्रा के साक्षी बनने को लेकर गौरव की अनुभूति भी कर रहे हैं।

# प्रखंड में डिग्री कॉलेज के नींव को लेकर डीएम ने योजनाओं पर की समीक्षा बैठक

**केटी न्यूज। आरा**

जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया

कि भोजपुर जिले के सभी प्रखंडों में सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना सुनिश्चित की जाए। इसके लिए तत्काल प्रस्ताव तैयार कर शिक्षा विभाग को भेजने का निदेश दिया गया।

साथ ही यह भी कहा गया कि जहां अतिरिक्त सरकारी भवन या कक्ष उपलब्ध हों, वहां आगामी सत्र से डिग्री कॉलेजों का संचालन वैकल्पिक व्यवस्था के तहत प्रारंभ किया जाए। इसके लिए स्थलीय जांच कर पूर्ण प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन विद्यालयों में शौचालय उपलब्ध नहीं हैं, वहां उपलब्ध भूमि का आकलन कर पक्का अथवा प्री-फैब शौचालय का निर्माण कराया जाए। कोइलवर प्रखंड अंतर्गत मानो बैजनाथ उच्च विद्यालय,कुल्हाड़ियां में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु उपलब्ध कराए गए वर्ग कक्षों की स्थलीय जांच कर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया, ताकि 1 अप्रैल 2026 से विद्यालय का संचालन प्रारंभ हो सके। साथ ही जिन विद्यालयों में वर्ग कक्षों की कमी है, वहां अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण हेतु भी निर्देश दिए गए। बैठक में केजी बीबी उदवंतनगर जो टाइप-3, वर्ग 9 से 12 की छात्राओं के लिए नव-निर्मित छात्रावास के उद्घाटन एवं केजी बीबी से पास आउट बालिकाओं के दीक्षांत समारोह का आयोजन 31 जनवरी 2026 को किए जाने की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण, विद्यालय निरीक्षण, चेतना सत्र, चैंपियन कार्यक्रम, जिले में संचालित क्रैश कोर्स, आपन भोजपुर-निपुण भोजपुर, विद्यालय चलो अभियान, टीएलएम मेला तथा सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के संचालन की भी समीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मध्याह्न भोजन योजना, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मौसम को लेकर बिहार में अलर्ट

# सीमांचल के जिलों में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह



**एजेंसी। पटना**

बिहार में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों के लिए अलर्ट जारी करते हुए सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार जिलों में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। इन जिलों में अगले 24 से 48 घंटों के दौरान मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिल सकता है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित होने की संभावना है। वहीं राज्य के अन्य जिलों में मौसम सामान्य रहने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, सीमांचल और कोसी क्षेत्र के इन जिलों में सुबह और रात के समय घना कोहरा छाने की आशंका है, जिससे सड़क और रेल यातायात पर असर पड़ सकता है। कई स्थानों पर दृश्यता 50 से 100 मीटर तक सीमित रहने की संभावना है। इसके अलावा कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी या बादल छाए रहने की भी संभावना जताई गई है, जिससे ठंड का असर और बढ़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर-पूर्वी बिहार के इन जिलों में मौसम अस्थिर बना हुआ है। ठंडी हवाओं के साथ नमी बढ़ने के कारण कोहरे की स्थिति और गंभीर हो सकती है। किसानों के लिए यह समय खास सतर्कता बरतने का है, क्योंकि फसलों पर नमी और ठंड का असर पड़ सकता है। खासकर गेहूं, सरसों और सब्जी की खेती करने वाले किसानों को फसल की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि सुबह और रात के समय यात्रा करने से बचें या अत्यधिक सावधानी बरतें। वाहन चालकों को फॉग लाइट का उपयोग करने, गति धीमी रखने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है। रेलवे प्रशासन भी सतर्क है और संभावित कोहरे को देखते हुए ट्रेनों की समय-सारणी में बदलाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि बदलते मौसम और ठंड बढ़ने से सर्दी, खांसी, जुकाम और सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। सुबह-शाम गर्म कपड़े पहनने, गर्म तरल पदार्थ लेने और खुले में लंबे समय तक न रहने की सलाह दी गई है। वहीं राहत की बात यह है कि पटना, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर, भोजपुर, रोहतास, नालंदा, और अन्य मध्य व दक्षिण बिहार के जिलों में मौसम सामान्य रहने की संभावना है। इन क्षेत्रों में दिन के समय धूप निकलने से तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे लोगों को ठंड से कुछ राहत मिल सकती है।

# रोहतास डीएम ने नागरिकों के साथ किया दैनिक साक्षात्कार

**केटी न्यूज। रोहतास**

मंगलवार को जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने दैनिक साक्षात्कार अंतर्गत 10 आम नागरिकों से साक्षात्कार किया। साक्षात्कार के क्रम में आवेदक मनोज कुमार यादव, ग्राम देवीपुर,पोस्ट दारानगर के द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन दिया गया। जिसे निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डिहरी को निदेशित किया गया। वही आवेदक नन्देश्वर सिंह पिता रामाधार सिंह, ग्राम चकिया, थाना डिहरी मुफस्सिल के द्वारा राइफल की अनुज्ञप्ति का नवीकरण करने के संबंध में आवेदन दिया गया। जिसे निष्पादन हेतु जिला शस्त्र दण्डाधिकारी, रोहतास को अग्रसारित किया गया। अन्य आवेदन अनिल कुमार, ग्राम अलिगंज, पोस्ट



ईमिरिता, थाना सूर्यपूरा के द्वारा अनुकंपा पर नौकरी के लिए आश्रित प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन दिया गया। जिसे शीघ्र निष्पादन हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास को अग्रसारित किया गया। इसी प्रकार शेष सभी आवेदन पत्रों को शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित कार्यालयों से जुड़े पदाधिकारियों को निदेशित किया।

## एक नजर

### मूर्ति स्थापना को लेकर काशी घाट कमिटी सदस्यों ने की बैठक



**बिक्रमगंज।** नगर परिषद,बिक्रमगंज काशी घाट स्थित सूर्य मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं यज्ञ आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में काशी घाट छठ पूजा समिति की ओर से आगामी 23 जनवरी 2026 को संध्या 3 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष धीरज गिरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में बिक्रमगंज शहर के सभी श्रद्धालु, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक आमंत्रित हैं। बैठक का उद्देश्य सूर्यमंदिर में प्रस्तावित मूर्ति स्थापना एवं यज्ञ को लेकर जनसहयोग से बेहतर योजना तैयार करना है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव और विचार साझा करें। इस संदर्भ अध्यक्ष ने बताया कि समिति के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि आगामी अप्रैल माह 2026 में विधि-विधान के साथ सूर्यमंदिर में सूर्यदेव की मूर्ति स्थापना एवं भव्य यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। साथ ही समिति ने विश्वास जताया है कि स्थानीय लोगों के सहयोग से यह आयोजन भव्य और ऐतिहासिक रूप लेगा। बैठक को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद की जा रही है।

### एसडीपीओ के नेतृत्व में थाना परिसर में शांति समिति बैठक का आयोजन



**काराकाट।** काराकाट थाना परिसर में मंगलवार को वसंत पंचमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर सिंह ने की। बैठक में नासरीगंज पुलिस इंस्पेक्टर कुणाल कृष्णा,प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह,थानाध्यक्ष विवेक कुमार,पुलिस पदाधिकारी,प्रखंड शांति समिति के सदस्य, पूजा समिति के सदस्य,जनप्रतिनिधि एवं डीजे संचालक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पूजा समितियों और स्थानीय लोगों ने पर्व से जुड़ी अपनी-अपनी समस्याएं एवं सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे, जिसे अधिकारियों ने गंभीरता से सुना। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह ने कहा कि वसंत पंचमी का पर्व सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है । इसे सभी लोग शांतिपूर्ण एवं अनुशासन में रहकर मनाएं। किसी भी हाल में डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने वाले तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी । वहीं बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो। पूजा समितियां प्रशासन द्वारा जारी दिशा- निदेशों का पालन करें, सभी के सहयोग से ही पर्व को सफल और शांतिपूर्ण बनाया जा सकता है। नासरीगंज पुलिस इंस्पेक्टर कुणाल कृष्णा एवं थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस बल पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक के अंत में अधिकारियों ने सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

### जहानाबाद में बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप, गोलीबारी में दो घायल

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के बगवार गांव में बच्चों के आपसी विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते दो समुदायों के बीच झड़प शुरू हो गई, जो बाद में गोलीबारी तक पहुंच गई। इस घटना में एक समुदाय के दो लोग गोली लगने से घायल हो गए, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बगवार और नजरू बीघा गांव के बच्चे आपस में खेल रहे थे। खेल के दौरान किसी बात को लेकर बच्चों के बीच विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते बढ़ता चला गया। बच्चों का यह विवाद जल्द ही बड़ों के बीच पहुंच गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इसके बाद दोनों गांवों के लोगों के बीच कहासुनी, मारपीट और मामला गोलीबारी तक पहुँच गया। आरोप है कि विवाद के दौरान एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष के गांव में पहुंच कर गोलीबारी कर दी, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई। अचानक हुई गोलीबारी से गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर उधर भागने लगे।

# हाजीपुर की कफ सिरप फैक्ट्री सील, जहरीले रसायन मिलने के बाद दवा पर देशभर में प्रतिबंध




**एजेंसी। पटना**

वैशाली के हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित ट्राइडेंट रेमेडीज की कफ सिरप फैक्ट्री पर ताला लग गया है। बच्चों की दवा में एथिलीन ग्लाइकोल पाए जाने के बाद तेलंगाना और हिमाचल सहित कई राज्यों में इस पर प्रतिबंध लगाया गया है। वैशाली जिला के हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित कफ सिरप कंपनी पर ताला लटक गया है। तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में बच्चों के जिस कफ सिरप पर प्रतिबंध लगा है, उस कंपनी के गेट पर ताला लगाया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई दिनों के कंपनी के गेट पर ताला लगा हुआ है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार दवा कंपनी पर बहुत जल्द कार्रवाई भी की जा सकती है। बता दें कि ट्राइडेंट रेमेडीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बनाये जा रहे सिरप का सेंट्रल ड्रग इंस्पेक्टर के द्वारा अक्टूबर माह में सैंपल लिया गया था। जिस सैंपल की रिपोर्ट कुछ दिन पूर्व आयी है। रिपोर्ट में अल्मोंट-किड, एथिलीन ग्लाइकोल जैसे घातक रसायन की मौजूदगी पाई गई है। इसके बाद केंद्रीय औषधि नियंत्रक द्वारा दवा की बिक्री, वितरण और उसके उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह दवा औद्योगिक थाना क्षेत्र के औद्योगिक इकाई में बनाई जाती थी। यह दवा बच्चों को एलर्जी के लक्षणों जैसे कि नाक बहना, छींकना, खुजली, सूजन, जलन और आंखों में पानी आने पर दी जाती थी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एथिलीन ग्लाइकोल अत्यंत विषैला रसायन है जिसका सेवन बच्चों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है। इससे पहले तमिलनाडु में निर्मित एक सीरप में इसी रसायन की मिलावट पाए जाने पर मध्य प्रदेश में कुछ माह पहले कई बच्चों की मौत का मामला सामने आ चुका है। यह दवा ट्राइडेंट रेमेडीज प्राइवेट लिमिटेड उद्योग द्वारा औद्योगिक क्षेत्र हाजीपुर द्वारा बनाई गई थी। दवा के एक विशेष बैच एएल-24002 की गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट में गंभीर खामियां पाई गई हैं। दवा में एथिलीन ग्लाइकोल की मात्रा 1.4876 प्रतिशत पाई गयी। विशेषज्ञों के अनुसार यह तत्व शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक हैं। वहीं, इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने बताया कि कंपनी की यह दवा बिहार के केवल किशनगंज में सप्लाई की गयी थी, वह भी बड़ी कम मात्रा में। लेकिन चूंकि केंद्रीय औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा लिये गये सैंपल में खामी मिली थी, तो केंद्रीय औषधि नियंत्रण द्वारा सभी राज्यों को इस दवा के संबंध में कार्रवाई का निर्देश दिया गया था, उसी निर्देश के आलोक में यह प्रतिबंध लगा है। हालांकि बताया जाता है कि कंपनी द्वारा सप्लाई किये गये इस बैच की दवाओं को वापस लिया जा रहा है।

## एक नजर

### नवविवाहिता की रहस्यमयी हत्या, ससुराल के लोग हुए गायब, पुलिस ने शुरू की जांच

**वैशाली।** वैशाली जिले के करताहा थाना क्षेत्र में नवविवाहिता सरिता प्रकाश की हत्या का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि लालगंज में एक और नवविवाहिता की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। लालगंज थाना क्षेत्र के युसूफपुर पंचायत के पीड़ापुर गांव में एक नवविवाहिता की हत्या कर शव को गुम करने की सूचना मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के घर वाले ससुराल पहुंचे तो वहां घर बंद मिला और सभी सदस्य फरार थे। इसके बाद परिजन ने घटना की सूचना लालगंज पुलिस को दी।पुलिस के अनुसार पीड़ापुर गांव के निवासी रमेंश राय के बेटे शिवम् कुमार की शादी लगभग एक साल पहले हुई थी और दंपति के एक बच्ची भी है। दुल्हन पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल वाले नगद पैसे और मोटरसाइकिल की मांग के लिए उनकी बच्ची को प्रताड़ित करते थे। इस संबंध में नवविवाहिता अक्सर अपने माता-पिता को फोन पर परेशानियों की जानकारी देती रहती थी।19 जनवरी 2026 को अचानक परिवार को फोन आया, जिसमें बताया गया कि उनकी बेटी श्रीलता की हत्या कर शव फेंक दिया गया है। इस सूचना के बाद मायके वाले पीड़ापुर गांव पहुंचे, लेकिन वहां घर बंद मिला और ससुराल के सभी लोग फरार थे।सूचना मिलते ही लालगंज पुलिस ने पीड़ापुर गांव पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### समस्तीपुर में सिविल सर्जन का हार्ट अटैक से निधन, प्रशासनिक दबाव को लेकर उठे सवाल

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर के सिविल सर्जन डॉ. संजय कुमार चौधरी का मंगलवार को अचानक हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से जिले में सनसनी फैल गई और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। दरअसल, 24 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समस्तीपुर के कपूर्री ग्राम आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां चल रही थीं। इन तैयारियों में सिविल सर्जन डॉ. संजय चौधरी पिछले एक सप्ताह से लगातार जिला प्रशासन के साथ दिन-रात जुटे हुए थे। मंगलवार को भी वे डीएम और एसपी के साथ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठा और वे बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। इसके बाद उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। डॉ. संजय चौधरी समस्तीपुर के ही रहने वाले थे और पहले सदर अस्पताल में लंबे समय तक डॉक्टर के रूप में सेवाएं दे चुके थे। अपने मिलनसार और व्यवहार कुशल स्वभाव के कारण वे काफी लोकप्रिय थे। फिलहाल उनका पार्थिव शरीर मेडिकाना हॉस्पिटल में रखा गया है, जहां उन्हें अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

### नशे के खिलाफ पूर्णिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 6 तस्कर गिरफ्तार

**पूर्णिया।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पूर्णिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बायसी और चंपानगर थाना क्षेत्र में की गई। पुलिस अधीक्षक स्वीटी सेहरावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिम बंगाल से एक ब्रेजा कार में 26 कार्टून शराब लादकर मधेपुरा ले जाई जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर बायसी थाना पुलिस ने दालकोला चेक पोस्ट के पास वाहन को रोककर जांच की, जहां से शराब की बड़ी खेप बरामद की गई। इस मामले में दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि इस मामले में तस्करी से जुड़े फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज की जांच की जा रही है और आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सूखे नशे के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत चंपानगर थाना क्षेत्र से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## समृद्धि यात्रा पर गोपालगंज रवाना होने से पहले

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कर दी बड़ी घोषणा : 31 जनवरी तक हर हाल में हो जाएगा जमीन से जुड़ा काम




**एजेंसी। पटना**

बिहार में वर्षों से आम लोगों की परेशानी का कारण बने भूमि विवादों को कम करने की दिशा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बड़ा और दूरगामी फैसला लिया है। समृद्धि यात्रा पर गोपालगंज रवाना होने से पहले सीएम नीतीश कुमार ने जमीन मापी की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की घोषणा कर लाखों नागरिकों को राहत की उम्मीद दी है। यह फैसला केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि उस आम आदमी के दर्द को समझने की कोशिश है, जो सालों से अपनी ही जमीन के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर रहा है। सीएम नीतीश कुमार ने अपने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा है कि 20 नवंबर 2025 को नई सरकार के गठन के तुरंत बाद सात निश्चय-3 (2025-30) के कार्यक्रमों को लागू किया गया। सातवां निश्चय – सबका सम्मान, जीवन आसान (Ease of Living) – का मुख्य उद्देश्य यही है कि राज्य के नागरिकों के दैनिक जीवन की कठिनाइयों को कम किया जाए। जमीन मापी से जुड़े फैसले इसी सोच का परिणाम हैं।

### जमीन मापी में देरी से बढ़ते हैं अनावश्यक विवाद

- सीएम नीतीश कुमार ने माना कि अक्सर जमीन मापी के लिए आवेदन देने के बाद महीनों तक प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती।
- इस देरी का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है, जिससेः
- आपसी विवाद बढ़ते हैं
- कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगते हैं
- परिवारों के बीच तनाव पैदा होता है
- समय पर मापी न होने से जो विवाद जन्म लेते हैं, वे कई बार पीढ़ियों तक चलते रहते हैं।
- विशेष भूमि मापी अभियानः लंबित मामलों का होगा निपटारा सरकार ने फैसला लिया है कि 31 जनवरी 2026 तक विशेष भूमि मापी अभियान चलाकर सभी लंबित आवेदनों का निपटारा किया जाएगा। यह अभियान उन लोगों के लिए राहत की सांस जैसा है, जिनकी फाइलें वर्षों से धूल खा रही थीं।

### अब तय समय में होगी जमीन की मापी

1 अप्रैल 2026 से नई व्यवस्था लागू होगी, जिसके तहतः अविवादित जमीन की मापी शुल्क जमा होने के अधिकतम 7 कार्य दिवस में विवादित जमीन की मापी शुल्क जमा होने के अधिकतम 11 कार्य दिवस में यानी अब न तारीख पर तारीख, न अनिश्चित इंतजार।


### 14 दिन में पोर्टल पर अपलोड होगी मापी रिपोर्ट

- सरकार ने जवाबदेही तय करते हुए यह भी स्पष्ट किया है किः
- मापी पूरी होने के बाद 14वें दिन तक अमीन द्वारा मापी प्रतिवेदन ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा । इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार की संभावनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

### सरकार करेगी संसाधनों और निगरानी की पूरी व्यवस्था

- राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को निर्देश दिया गया है किः
- आवश्यक कर्मचारियों की नियुक्ति हो
- संसाधनों की कोई कमी न रहे
- पूरी प्रक्रिया की गहन निगरानी सुनिश्चित की जाए
- यह संदेश साफ है कि लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी।

# पटना के एक और छात्रावास में नाबलिग छात्रा की हत्या, परिजनों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप



**एजेंसी। पटना**

आखिर बिहार की राजधानी पटना के प्राईवेट हॉस्टल्स में हो क्या रहा है? अभी एक हॉस्टल में नीट की छात्रा की मौत मामले से पर्दा पूरी तरह उठा भी नही कि एक और नीट छात्रा की मौत का मामला सामने आ गया। हालांकि यह घटना 6 जनवरी की बताई जा रही है, लेकिन मामले का 13 दिन बाद सोमवार 19 जनवरी को उजागर होना मामले में झोल को बल दे रहा है। ऐसे में लाख टके का सवाल यह है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के इस दौर में बेटियां पटना के होस्टलो में सुरक्षित रह गई है क्या? ताजा मामला पटना के एक्जीबिशन रोड स्थित परफैक्ट गर्ल्स पीजी हॉस्टल का है, जो औरंगाबाद से जुड़ा है। इस हॉस्टल से एक छात्रा की डेड बॉडी मिली। मामले में परिजनों ने साजिश के तहत हत्या का आरोप लगाया है। मामले में परिजनों ने प्राथमिकी में हॉस्टल संचालक समेत अन्य अज्ञात को आरोपी बनाया है। प्राथमिकी में परिजनों ने मुसाहीद रेजा, मुकर्रम रेजा, हॉस्टल के संचालक, वार्डेन खुशबू कुमारी, हॉस्टल के इंचार्ज, उसकी सहेली समेत अन्य अज्ञात लोगों पर आरोप लगाया है कि इन सबकी मिलीभगत से उनकी बेटी की हत्या की गई है। प्राथमिकी में आरोप है कि छात्रा की डेड बॉडी को पुलिस और पैरेंट्स की गैर मौजूदगी में बेड पर रखा गया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस की गाड़ी से ही डेडबॉडी को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। परिजनों का यह भी आरोप है कि डेड बॉडी और वीडियो रिकॉर्डिंग देखने के बाद उन्हें पूरा यकीन है कि उनकी बच्ची की साजिश के तहत हत्या की गई है। मृतका की मां ने रोते हुए कहा कि वह गोह थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं।

उनकी 15 वषीर्या पुत्री पटना के एक्जीबिशन रोड स्थित परफेक्ट गर्ल्स पीजी हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती थी। 6 जनवरी को 2 लड़कों ने हॉस्टल संचालक, वार्डन, बेटी की सहेलियों की मदद से मेरी बेटी की हत्या की है। पुलिस मामले की सही जांच कर कार्रवाई करे।मामले में परिजनों ने पुलिस से तत्परता से जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। छात्रा के पिता ने हॉस्टल प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हे जानकारी मिली है कि दो मुस्लिम लड़के प्रबंधन की अनुमति के बिना हॉस्टल के अंदर पहुंचे थे। ये लड़के

# स्कूल बस और ऑटो की भीषण टक्कर में महिला की मौत, छह लोग गंभीर घायल

**एजेंसी। गयाजी**

गयाजी जिले में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां स्कूल बस और ऑटो की आमने-सामने टक्कर में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में जान गंवाने वाली महिला की पहचान गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के बुधौल गांव निवासी सुदामा पासवान की 35 वर्षीय पत्नी गीता देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में मातम का माहौल है।जानकारी के अनुसार, सुदामा पासवान अपनी बीमार पत्नी गीता देवी को इलाज के लिए परिजनों के साथ ऑटो से गयाजी लेकर जा रहे थे। इसी दौरान टनकुप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोन बिगहा के पास विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही स्कूल बस से ऑटो की जोरदार टक्कर हो गई।आमने-सामने की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गीता देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में ऑटो सवार छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे की सूचना मिलते ही गया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृत महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। वहीं, घायलों को पहले नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। साथ ही जिस स्कूल बस से यह हादसा हुआ, उसकी तलाश भी की जा रही है। पुलिस मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# अवैध मिनी गन फैक्टरी का भंडाफोड़ : महिला समेत दो गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार व पार्ट्स बरामद



**एजेंसी। आरा**

भोजपुर पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मिनी गन फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। तियर थाना क्षेत्र में संचालित इस अवैध फैक्टरी से भारी मात्रा में निर्मित और अर्धनिर्मित हथियार बरामद किए गए हैं। इस मामले में एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। भोजपुर पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर तियर थाना क्षेत्र के उत्तरदाहा गांव में छापामारी की गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से हथियार बनाने की गतिविधियों का खुलासा किया। छापामारी के दौरान पुलिस ने दो देशी कट्टा, छह अर्धनिर्मित कट्टा, दो खोखा, एक पिलेट और एक 12 बोर का जिंदा कारतूस बरामद किया। इसके अलावा हथियार निर्माण में प्रयुक्त विद्युत ड्रिल मशीन, एक साइकिल, बड़ी मात्रा में हथियारों के पाट्र्स और अन्य उपकरण भी जब्त किए गए। गिरफ्तार आरोपियों में भोजपुर जिले के तियर थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्तरदाहा गांव निवासी दिवंगत मुनीलाल शर्मा के पुत्र धनजी शर्मा शामिल हैं। वहीं एक महिला आरोपी को भी हिरासत में लिया गया है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। एसपी मिस्टर राज के अनुसार यह मिनी गन फैक्टरी लंबे समय से गुप्त रूप से संचालित की जा रही थी और आसपास के इलाकों में अवैध हथियारों की आपूर्ति की जा रही थी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय हथियार तस्करी के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराध नियंत्रण और अवैध हथियारों की रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन हथियारों की सप्लाई किन-किन जिलों में की जा रही थी और इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# अपराधियों की उल्टी गिनती शुरू : बिहार में खुलेंगे 6 नए फॉरेंसिक लैब




**एजेंसी। पटना**

बिहार पुलिस अपराध जांच को वैज्ञानिक, तेज और प्रभावी बनाने की दिशा में बड़े कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में छह नए फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) स्थापित किए जाने की तैयारी है। इससे साल के अंत तक बिहार में कुल एक दर्जन के करीब फॉरेंसिक जांच केंद्र कार्यरत हो जाएंगे। इस पहल से अपराधियों के लिए बच निकलना आसान नहीं रहेगा और न्याय व्यवस्था पर जनता का भरोसा बढ़ेगा। सीआईडी के एडीजी पारसनाथ ने पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गयाजी, बेतिया, छपरा, मुंगेर, पूर्णिया और सहरसा में नए एफएसएल स्थापित किए जाएंगे। फिलहाल राज्य में पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और राजगीर में चार एफएसएल कार्यरत हैं। इसके अलावा दरभंगा और रोहतास में मार्च तक एफएसएल कार्यालय शुरू होने की संभावना है।साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए इस साल मार्च तक पटना और राजगीर में स्थित एफएसएल में साइबर फॉरेंसिक यूनिट शुरू कर दी जाएगी। डिजिटल साक्ष्यों की जांच के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिससे साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड और अन्य तकनीकी अपराधों में अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी तेज होगी।एडीजी ने बताया कि 1 जुलाई 2024 से लागू हुए नए आपराधिक कानूनों के तहत अधिकांश मामलों में एफएसएल रिपोर्ट अनिवार्य कर दी गई है। खासकर सात वर्ष या उससे अधिक सजा वाले अपराधों में डिजिटल और फॉरेंसिक साक्ष्य जरूरी हैं। इससे फॉरेंसिक रिपोर्ट की भूमिका और मजबूत हो गई है और अपराधियों को सजा दिलाने में यह निर्णायक साबित हो रही है। आंकड़ों के अनुसार 2024 में 1 जुलाई से 31 दिसंबर के बीच 5,141 कांडों के 25,285 प्रदर्शों की फॉरेंसिक जांच पूरी की गई। वहीं 2025 में अब तक 10,995 कांडों के 56,511 प्रदर्शों की जांच कर रिपोर्ट संबंधित एजेंसियों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। इससे स्पष्ट है कि बिहार में फॉरेंसिक जांच की क्षमता लगातार बढ़ रही है। डीएनए जांच को और मजबूत करने के लिए मुजफ्फरपुर, भागलपुर और राजगीर के लिए एक-एक डीएनए यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा गया है। इसके साथ ही पटना स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला के लिए भी अतिरिक्त डीएनए जांच सुविधा विकसित की जा रही है। उपकरणों के आधुनिकीकरण के लिए लगभग 162.93 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है। मानव संसाधन को मजबूत करने के लिए राज्य की एफएसएल में 44 राजपत्रित पदाधिकारी और 85 वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक कार्यरत हैं। इसके अलावा 89 सहायक निदेशक और 100 वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायकों की संविदा पर नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। चयनित अभ्यर्थियों का प्रमाण-पत्र सत्यापन और मेडिकल जांच चल रही है। पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में सीआईडी को आवंटित कॉलोनी में एक अत्याधुनिक फॉरेंसिक परिसर के निर्माण का प्रस्ताव भी भेजा गया है।

# हाइवा ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

**एजेंसी। छपरा**

छपरा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत खैराझबिनटोलिया सड़क मार्ग पर मंगलवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 52 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क निर्माण कार्य में लगे एक हाइवा ट्रक की चपेट में आने से यह हादसा हुआ। मृत महिला की पहचान बिनटोलिया गांव निवासी सरीखन राय की पत्नी चंपा देवी के रूप में की गई है। घटना के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया और आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनों ने सड़क जाम कर आगजनी की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चंपा देवी मंगलवार दोपहर सड़क किनारे खड़ी थीं। इसी दौरान सड़क निर्माण कार्य में लगा एक हाइवा ट्रक तेज रफ्तार में वहां से गुजर रहा था। चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और ट्रक महिला को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। हादसा इतना भयावह था कि चंपा देवी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिससे लोगों का आक्रोश और बढ़ गया। महिला की मौत की खबर जैसे ही गांव और आसपास के इलाकों में फैली, बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और मृतका के स्वजन घटनास्थल पर पहुंच गए।